prevailing position in regard to GATS and the various sectors of education. The Government is saying one thing and doing another thing. This is very bad.

DR. BIPLAB DASGUPTA (West Bengal): Sir, I associate myself with what Shri Eduardo Faleiro has stated.

**श्रीमती चन्द्रकला पांडे (पश्चिमी बंगाल)** : महोदय, मैं माननीय सदस्य से स्वयं को संबद्ध करती हूं।

**श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल)** . महोदय, मै माननीय सदस्य से स्वयं को संबद्ध करती हूं ।

**श्री जनेश्वर मिश्र (उत्तर प्रदेश) :** महोदय, मै माननीय सदस्य से स्वयं को संबध्द करता हूं ।

**Corruption in giving contract for Indian Airlines magazines**

**श्री मोती लाल वोरा (छत्तीसगढ़)** . माननीय सभापति महोदय, इंडियन एयरलाइन्स-एलायन्स एयर को स्वागत के प्रस्तुतकर्ता ट्रांसएशिया इंडिया से अब तक सालाना लाइसेंस शुल्क रायल्टी के रूप में 100 लाख रुपए, 50 लाख रुपए की बैंक गारंटी तथा 60,000 प्रतिया माहवार करार के रूप में मिल रही थी । 22 वर्षो से चल रहा यह करार 2004 तक के लिए था किंतु इंडियन एयरलाइन्स-एलायन्स एयर के अध्यक्ष ने पायनियर समूह के सीएमवाईक से 10 मई, 2002 को करार किया है जिसके अनुसार अब इंडियन एयरलाइन्स-एलायन्स एयर को मात्र 12 लाख रुपए वार्षिक रायल्टी, 6 लाख रुपए की बैंक गारंटी तथा पत्रिका की 20,000 प्रतियां माहवार मिलेगी । अध्यक्ष के इस आचरण से इंडियन एयरलाइन्स-एलायन्स एयर को जो भारी घाटा हुआ है, उसके कारण संदेह पैदा होता है , इतना ही नही, स्वागत विश्व स्तर की 100 से ज्यादा पृष्ठो की पत्रिका थी किन्तु नई पत्रिका नमस्कार का प्रकाशन ही नही हो पा रहा है ।

इन सारी चीज़ो को देखते हुए मेरा प्रधान मंत्री जी से अनुरोध है कि पूरे मामले की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो से कराएं तथा जांच निष्पक्ष हो, इसके लिए यह जरूरी है कि इंडियन एयरलाइन्स-एलायन्स एयर के वर्तमान अध्यक्ष को स्थानान्तरित किया जाए ।

**Molestation of women in Suddan village of district Hazaribagh in Jharkhand**

**श्री जनेश्वर मिश्र (उत्तर प्रदेश) :** माननीय सभापति महोदय, मै आपका और सदन का ध्यान झारखंड के हजारीबाग जिले के सुदान गांव की उस घिनौनी घटना की ओर दिलाना चाहता हूं, जहां पर दो महिलाओं को पहले तो निर्वस्त्र कर उन्हे घुमाया गया और उसके बाद उनके साथ मानवता को दहला देने वाली ऐसी वारदात की गई, जिसकी कल्पना मात्र से मेरे जैसे व्यक्ति के शरीर पर सिहरन दौड़ जाती है